भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3022
सोमवार, 20 मार्च, 2023/29 फाल्गुन, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ समझौता

†3022. श्री सुधीर गुप्ताः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य और पर्यटन उद्योग को मजबूत करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतीय आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में रणनीतिक और तकनीकी सहयोग को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ग) देश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पहचाने गए क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या आईआरसीटीसी ने डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के जीवन से जुड़े स्थानों को कवर करने के लिए 'देखो अपना देश' पहल के अंतर्गत बाबा साहेब अम्बेडकर यात्रा पैकेज आरम्भ किया है/आरम्भ करने का प्रस्ताव है और यदि तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) उपर्युक्त यात्रा के दौरान इस संबंध में पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सुविधा और कवर किए जाने वाले संभावित स्थानों/गंतव्यों/मार्गों का ब्यौरा क्या है; और

(च) देश में आतिथ्य और पर्यटन उद्योग को मजबूत करने के लिए क्या अन्य आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : जी हां, महोदय । पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन के संवर्धन और विपणन हेतु सहयोग करने के लिए तथा इस उद्देश्य से किए जाने वाले प्रयासों में तालमेल बनाने की आवश्यकता पर विचार करते हुए भारतीय रेल खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी)

के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं । इस एमओयू की मुख्य विशेषताएं अनुबंध-I में दी गई हैं ।

पर्यटन मंत्रालय समग्र तरीके से भारत का संवर्धन करता है । मंत्रालय अपनी चल रही गतिविधियों के एक भाग के रूप में देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करने के लिए अतुल्य भारत ब्रांड लाइन के तहत विदेशों के महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रानिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान चलाता है । मंत्रालय की वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से भी संवर्धन किया जाता है ।

(घ) : आईआरसीटीसी ने ''देखो अपना देश'' के तहत बाबा साहब अंबेडकर यात्रा नामक एक विशेष 7 रात और 8 दिन का टूर पैकेज शुरू किया है और पहली यात्रा दिनांक 14.04.2023 को शुरू होगी जो दिनांक 21.04.2023 को समाप्त होगी । यह यात्रा महू, नागपुर, सांची, वाराणसी, सारनाथ, बोधगया, राजगीर और नालंदा को कवर करेगी ।

(ड.) : विस्तृत यात्रा कार्यक्रम अनुबंध-II में दिया गया है । आईआरसीटीसी पर्यटकों को सर्वसमावेशी टूर पैकेज प्रदान करेगा जिसमें एसी-III टीयर कोच में रेल यात्रा, गंतव्यों पर ठहरने की व्यवस्था, ऑनबोर्ड और ऑफबोर्ड भोजन व्यवस्था, संपूर्ण यात्रा अवधि के लिए यात्रा कार्यक्रम के अनुसार साइट सीइंग के साथ-साथ सड़क परिवहन और 10 लाख रु. तक का यात्रा बीमा शामिल है ।

(च) : पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार, इसके आकार, संरचना और वर्तमान क्षमता को समझने के लिए EaseMyTrip.com, Cleartrip Pvt. Ltd., Yatra Online Pvt. Ltd., and MakeMyTrip.com नामक ऑनलाइन यात्रा कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि आतिथ्य उद्योग को संबंधित सेवाएं प्रदान की जा सकें ।

इसके अतिरिक्त विरासत पर्यटन के संवर्धन के लिए 'एक विरासत अपनाएं: अपनी धरोहर, अपनी पहचान' नामक पहल पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन का एक संयुक्त प्रयास है जिसका लक्ष्य पर्यटक स्थलों में पर्यटक संबंधी सुविधाओं को विकसित और उन्नत करने की जिम्मेदारी लेने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र की कंपनियों और कॉरपोरेट नागरिकों/एनजीओ/व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है । पर्यटन को राहत पहुंचाने के लिए दिनांक 28.06.2021 को वित्त मंत्रालय द्वारा की गई घोषणा के अनुसार पर्यटन मंत्रालय ने ''कोविड प्रभावित पर्यटन सेवा क्षेत्र के लिए ऋण गारंटी योजना (एलजीएससीएटीएसएस)'' को कार्यान्वित किया है । इस ऋण गारंटी योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त प्रत्येक टूर आपरेटरों/यात्रा एजेंटों/पर्यटक परिवहन आपरेटरों को 10 लाख रु. और पर्यटन मंत्रालय द्वारा

अनुमोदित/मान्यता प्राप्त प्रत्येक क्षेत्रीय पर्यटक गाइड/अतुल्य भारत पर्यटक गाइड और राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त पर्यटक गाइडों को 1 लाख रु. तक का ऋण प्रदान किया जाएगा ।

पर्यटन मंत्रालय के एलजीएससीएटीएसएस का उद्देश्य उपरोक्त लाभार्थियों को उनकी देनदारियां को पूरा करने और कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित उनके व्यवसाय को दोबारा शुरू करने के लिए अनुसूचित सार्वजनिक बैंको द्वारा प्रदान किए जाने वाले ऋण हेतु गारंटी कवरेज प्रदान करना है ।

*****

अनुबंध ।

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ समझौता के संबंध में दिनांक 20.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3022 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिनांक 13.09.2021 को भारतीय रेल खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के साथ हस्ताक्षरित प्रथम एमओयू की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

i. घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों में तालमेल बनाना।
ii. नए पर्यटन उत्पादों का विकास
iii. घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में संयुक्त संवर्धन
iv. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तथा जम्मू और कश्मीर पर विशेष ध्यान देते हुए विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और महाविद्यालयों के लिए शैक्षणिक यात्राओं का आयोजन ।

निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ दिनांक 10 नवम्बर, 2021 को आईआरसीटीसी के साथ दूसरा समझौता ज्ञापन (एमओयू) :-

क. इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य उन आवास इकाईयों को व्यापक रूप से दृश्यता प्रदान करना है जिन्होंने आईआरसीटीसी प्लेटफार्म पर आतिथ्य उद्योग के लिए मूल्यांकन, जागरूकता और प्रशिक्षण हेतु प्रणाली (एसएएटीएचआई) पर स्वयं को स्व-प्रमाणित किया है ।

ख. वे जो आईआरसीटीसी प्लेटफार्म पर हैं और जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय आतिथ्य उद्योग एकीकृत डाटाबेस (निधि) पर और तत्पश्चात् साथी (एसएएटीएचआई) पर पंजीकरण नहीं किया है, उन्हें समयबद्ध तरीके से पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित करना ।

ग. कार्रवाई योग्य पूरी जानकारी प्राप्त करने और साक्ष्य आधारित तथा लक्षित नीतिगत उपाय करने के उद्देश्य से आवास इकाईयों के संबंध में और अधिक जानकारी एकत्रित करना।

घ. सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देना ।

ड. उपयुक्त रक्षा उपायों सहित स्थानीय पर्यटन उद्योग को कोविड-19 संक्रमण रोकने के लिए प्रोत्साहित करना, निधि पर पंजीकरण करने और साथी (एसएएटीएचआई) को अपनाने हेतु इकाईयों के संयोजन संपर्कता, प्रोत्साहन और पंजीकरण हेतु बाजार सहायता प्रदान करना ।

*****

अनुबंध ।।

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ समझौता के संबंध में दिनांक 20.03.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3022 के भाग (ड.) के उत्तर में विवरण

बाबा साहेब अंबेडकर यात्रा के लिए दैनिक यात्रा कार्यक्रम

| दिन | गंतव्य | विवरण |
|---|---|---|
| दिन 1 (14.04.23) | दिल्ली (डीएसजे) | i. दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर विशेष ट्रेन में चढ़ना<br>ii. 16.00 बजे महू के लिए ट्रेन का प्रस्थान<br>iii. रात्रिभोज तथा ट्रेन द्वारा रातभर की यात्रा |
| | मथुरा (एमटीजे) | 18.00 बजे मथुरा में आगमन। पर्यटकों के लिए बोर्डिंग पड़ाव। 18.05 बजे प्रस्थान |
| | आगरा कैंट (एजीसी) | 18.50 बजे आगरा कैंट में आगमन । पर्यटकों के लिए बोर्डिंग पड़ाव । 18.55 बजे प्रस्थान |
| दिन 2 (15.04.23) | डॉ. अंबेडकर नगर (महू) | i. ट्रेन में नाश्ता और 8.00 बजे महू रेलवे स्टेशन पर आगमन<br>ii. स्नान आदि के लिए होटलों में जाना<br>iii. डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मस्थान (भीम जन्म भूमि) की यात्रा<br>iv. मध्याह्न भोजन के बाद रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन में चढ़ना<br>v. 19.00 बजे नागपुर के लिए ट्रेन का प्रस्थान । रात्रिभोज तथा ट्रेन से रात्रि यात्रा |
| दिन 3 (16.04.23) | नागपुर | i. ट्रेन में नाश्ता<br>ii. 8.00 बजे नागपुर रेलवे स्टेशन में आगमन और स्नान आदि के लिए होटलों में जाना<br>iii. मध्याह्न भोजन के बाद दीक्षा भूमि नगर की यात्रा<br>iv. नागपुर रेलवे स्टेशन लौटना और ट्रेन पर चढ़ना |
| दिन 4 (17.04.23) | सांची | i. ट्रेन में नाश्ता<br>ii. 06.00 बजे सांची रेलवे स्टेशन में आगमन और स्नान आदि के लिए होटलों में जाना<br>iii. सांची में स्तूप तथा अन्य बौद्ध स्थलों की यात्रा<br>iv. सांची रेलवे स्टेशन लौटना और ट्रेन पर चढ़ना<br>v. 14.00 बजे वाराणसी के लिए ट्रेन का प्रस्थान<br>vi. ट्रेन में मध्याह्न भोजन तथा रात्रि भोज । ट्रेन से रात्रि यात्रा |

| | | |
|---|---|---|
| दिन 5<br>(18.04.23) | वाराणसी<br>(सारनाथ) | i. ट्रेन में नाश्ता<br>ii. 7.00 बजे वाराणसी रेलवे स्टेशन में आगमन और स्नान आदि के लिए होटलों में जाना<br>iii. सारनाथ की यात्रा<br>iv. मध्याह्न भोजन के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर की यात्रा<br>v. वाराणसी रेलवे स्टेशन लौटना और ट्रेन पर चढ़ना<br>vi. 22.00 बजे गया के लिए ट्रेन का प्रस्थान<br>vii. ट्रेन में रात्रिभोज और रात्रि यात्रा |
| दिन 6<br>(19.04.23) | गया<br>(बोधगया) | i. ट्रेन में नाश्ता<br>ii. 6.00 बजे गया रेलवे स्टेशन में आगमन और बोधगया में चेक-इन के लिए होटलों में जाना<br>iii. मध्याह्न भोजन के बाद महाबोधि मंदिर सहित विभिन्न बौद्ध स्थलों की यात्रा<br>iv. रात्रिभोज तथा बोधगया में रात्रि विश्राम |
| दिन 7<br>(20.04.23) | गया-राजगीर – नालंदा | i. नाश्ते के बाद चेक-आउट और सड़क मार्ग से राजगीर जाना<br>ii. राजगीर में आगमन और विभिन्न बौद्ध स्थलों की यात्रा<br>iii. मध्याह्न भोजन के बाद नालंदा के खंडहरों का दौरा<br>iv. गया रेलवे स्टेशन पहुंचना और ट्रेन में चढ़ना<br>v. 21.00 बजे दिल्ली के लिए ट्रेन का प्रस्थान<br>vi. ट्रेन में रात्रिभोज तथा रात्रि यात्रा |
| दिन 8<br>(21.04.23) | आगरा कैंट<br>(एजीसी) | 6.00 बजे आगरा कैंट में आगमन । पर्यटकों के लिए बोर्डिंग पड़ाव । 6.05 बजे प्रस्थान |
| | मथुरा<br>(एमटीजे) | 6.55 बजे मथुरा में आगमन । पर्यटकों के लिए बोर्डिंग पड़ाव । 7.00 बजे प्रस्थान । |
| | दिल्ली<br>(डीएसजे) | i. ट्रेन में नाश्ता<br>ii. 10.00 बजे दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पर आगमन |
| यात्रा समाप्त | | |

*****